


# स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला संपन्न, विशेषज्ञों ने दिए खेती में मुनाफे के टिप्स

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और एक जिला-एक उत्पाद योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को किशोर कुमार सभागृह में स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने किसानों को प्याज के भंडारण, प्रसंस्करण और आधुनिक खेती के गुर सिखाए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि जिले के लिए एक जिला-एक उत्पाद के तहत प्याज का चयन किया गया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि प्याज को सीधे मंडी में बेचने की बजाय उसकी प्रोसेसिंग कर उत्पाद तैयार करने से कई गुना अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अब नई तकनीकों से प्याज का पाउडर बनाकर उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे खराब होने का डर नहीं रहता। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कहा कि पुरानी तकनीकों और केवल परंपरागत फसलों पर निर्भर रहने से किसानों को सीमित लाभ मिल रहा था। अब समय बदल गया है। आधुनिक कृषि यंत्रों और जैविक खेती को अपनाकर आय में भारी वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों से पारंपरिक फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाने का आह्वान किया। अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि खंडवा एक आकांक्षी जिला है। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में इस तरह की यह पहली कार्यशाला खंडवा में आयोजित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य प्याज उत्पादन, भंडारण और प्रसंस्करण की नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना है।



### इन्होंने भी रखे विचार

महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए उनका प्रचार-प्रसार जरूरी है। किसान इंटरनेट के माध्यम से नई तकनीकों को सीखकर अपनी उपज बढ़ा सकते हैं। पंधाना विधायक छाया मोरे ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि किसानों को निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने आशा जताई कि इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकेंगे।

**विशेषज्ञों ने दी तकनीकी जानकारी :** कार्यशाला में पुणे से आए विशेषज्ञ डॉ. भूषण और डॉ. तृप्ति सिंह ने प्याज उत्पादन बढ़ाने और उसकी प्रोसेसिंग के वैज्ञानिक तरीके बताए। वहीं, अर्नव मिश्रा ने मप्र की उद्योग प्रोत्साहन और स्टार्टअप नीति की जानकारी दी।

**प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र :** इस अवसर पर उन्नत किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कृषि उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन श्री संदीप जोशी ने किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र सावनेर सहित बड़ी संख्या में किसान और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिम्ब विधान पर गोविंद गुंजन का उद्बोधन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नवगीत दिवस के अवसर पर लोकगीत परिवार एवं नवगीत कुटुंब की खंडवा इकाई द्वारा गीत पाठ, वक्तव्य और साहित्यिक विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात नवगीतकार एवं ललित निबंधकार गोविंद गुंजन ने कहा कि नवगीत का बिम्ब विधान इसे पारंपरिक गीतों से अलग पहचान देता है और पाठक को विस्मित कर देता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ज्योति कलश छलके गीत में सूरज को ज्योति कलश कहना बिम्ब विधान की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शहजाद कुरैशी ने की। उन्होंने कहा कि गीत मानव की भावनाओं—खुशी और पीड़ा—की सशक्त शाब्दिक अभिव्यक्ति है, जो लोकगीत से विकसित होकर आधुनिक नवगीत तक पहुंची है। रघुवीर शर्मा एवं गोविंद शर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मंडलेकर, अरुण सातले, श्याम सुंदर तिवारी, सूर्यकांत गीते, सुफियान काजी, नासिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में काव्यप्रेमियों ने सहभागिता की। जबलपुर के वरिष्ठ कवि रघुवीर अंबर सहित अनेक साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति से आयोजन सफल रहा।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिलेभर में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को शिविरों की तिथि एवं स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि जिले में कुल 55 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें से 10 शिविर खंडवा शहर में आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 16 फरवरी से 16 मार्च तक जावर, अमलपुरा, कालमुखी, नागचून, देशगांव, पंधाना, छनेरा, ओंकारेश्वर, पुनासा सहित अनेक ग्रामों एवं वार्ड क्षेत्रों में शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं योजनाओं से संबंधित लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## यूनिक एकेडमी के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** यूनिक एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने संत सिंगाजी थर्मल पॉवर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कर विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया को करीब से समझा। इस भ्रमण में विभिन्न कक्षाओं के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण अधिकारी परवेज़ खान ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से कोयले से बिजली बनने की प्रक्रिया तथा विद्युत के घरों तक पहुंचने की पूरी कार्यप्रणाली सरल तरीके से समझाई। उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते हुए दैनिक जीवन में बिजली बचाने की प्रेरणा भी दी।

भ्रमण के दौरान आसमा, पीहू सावले और रुद्रांश माली ने पर्यावरण पर थर्मल पॉवर प्लांट के प्रभाव से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती आरती राउत सहित विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा। विद्यार्थियों ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया।

## कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** श्री कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। सचिव जयरामदास खेमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष भीमनदास जीवनानी द्वारा होली एवं रंगपंचमी के अवकाश को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक यात्रा का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। खजुराहो यात्रा के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें किशोर हरचंदानी, दिलीप आर्य, सोनू लालवानी और मेघराज चंदवानी शामिल हैं।

सभा के समापन से पूर्व सिंधी समाज के अध्यक्ष एवं एसोसिएशन के संरक्षक रहे स्व. गेहीराम जी सीतलानी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयरामदास खेमानी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मनोनीत प्रवक्ता कमल नागपाल ने किया।

# शब्दों की त्रुटि पर गहरा पश्चाताप, भविष्य में वाणी पर रखूंगा संयम : मंत्री विजय शाह

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान को लेकर मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह का रुख अब पूरी तरह बदल गया है। अक्सर अपने बयानों के चलते सुर्खियों में रहने वाले मंत्री शाह इस बार काफी भावुक नजर आए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से एक बार फिर सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा मांगी है।



**मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं मंत्री :** मंत्री विजय शाह ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि सेना और देश के प्रति उनकी भावनाएं सदैव सम्मानजनक रही हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि देश से जुड़े एक भावनात्मक विषय पर बात करते हुए उनसे शब्दों के चयन में भारी त्रुटि हुई है। मंत्री ने कहा, इस घटना और उससे उपजे विवाद ने मुझे गहरी मानसिक पीड़ा दी है। मेरा मन इसके बाद से काफी विचलित है।

**सेना और जनता से मांगी बिना शर्त माफी :** अपने बयान पर खेद प्रकट करते हुए मंत्री शाह ने कहा मैं हृदय की गहराइयों से संबंधित महिला सैन्य अधिकारी (कर्नल सोफिया कुरैशी), भारतीय सेना और देश की जनता से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को आहत करना नहीं था, लेकिन आवेश में निकले शब्दों ने गलत संदेश दिया, जिस पर उन्हें गहरा पछतावा है।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का असर?** गौरतलब है कि मंत्री शाह के विवादित बोल को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जहां कोर्ट ने एक निश्चित तारीख तय की थी। सुनवाई की उस घड़ी के आने से पहले ही मंत्री का यह वीडियो सामने आना संयोग नहीं माना जा रहा। विश्लेषकों का कहना है कि कोर्ट की सख्ती को भांपते हुए मंत्री ने पहले ही अपनी गलती स्वीकार कर कानूनी और सामाजिक दोनों मोर्चों पर नरमी बरतने की अपील की है।

**भविष्य के लिए लिया संकल्प :** सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा को स्वीकार करते हुए मंत्री विजय शाह ने संकल्प लिया है कि वे भविष्य में ऐसे जिम्मेदार पदों पर रहते हुए अपनी वाणी पर पूर्ण नियंत्रण रखेंगे।

## वैश्य युवा इकाई का रक्तदान शिविर आज

**नवभारत न्यूज ,खण्डवा।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की जिला युवा इकाई खण्डवा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संगठन के मार्गदर्शक स्वर्गीय नारायण प्रसाद जी गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रवक्ता नारायण बाहेती एवं सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर प्रदेश महासचिव व सम्भाग प्रभारी संजय तापड़िया, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष इंजी. अभिषेक गुप्ता तथा तहसील इकाई अध्यक्ष दर्पण अग्रवाल के नेतृत्व में जिला युवा इकाई द्वारा आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक एवं दीप पैथालॉजी में किया जाएगा। इसके साथ ही दोपहर 1 बजे से जिला चिकित्सालय स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन भी कराया जाएगा। युवा इकाई द्वारा आमजन से मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता की अपील की गई है। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा एक छोटा-सा योगदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने परिवारजनों एवं मित्रों को रक्तदान हेतु प्रेरित कर स्व. नानाजी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करें।



## साईं धाम स्थापना दिवस पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** रामेश्वर नगर स्थित मां नवचंडी देवी धाम गेट के पास साईं धाम मंदिर में 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ और विशाल दाल-बाटी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र-अनुराधा सांडले एवं कान्हा-शैलजा गीते उपस्थित रहे।

साईं भक्त गुरुचरन सिंह सलूजा और निर्मल मंगवानी ने बताया कि 6 फरवरी को महिला मंडल की मातृशक्ति द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं साईं भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान स्थापना दिवस पर केक काटकर उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य दिवस पर सुबह साईं बाबा की प्रतिमा का पंचामृत स्नान किया गया तथा पंडित अतुल गांवशिंदे के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने दाल-बाटी, लड्डू, रायता और वैज चावल प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम की सफलता में लीलाधर ईटारे बाबा, आशीष, कमलजीत चांदना, निखिल रघुवंशी, गुरदीप खनूजा, बालमुकुंद गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। आयोजन धार्मिक श्रद्धा और सामूहिक सेवा भाव का प्रतीक बना।

## गड्ढों में तब्दील सड़कों से ग्रामीणों की राह मुश्किल, प्रधानमंत्री सड़क योजना पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले की ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। बघमार, टाकली, देवाला, अजंटी सहित कई गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कें इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। मेंटेनेंस के अभाव और समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण सड़कें अंतिम सांसें गिनती नजर आ रही हैं, जिससे आमजन को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने से आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि चारपहिया वाहन भी धीमी गति से चलने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़ चुकी है और कंक्रीट बाहर आ जाने से वाहन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस पहल करता नजर नहीं आ रहा।

रात्रि के समय हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। अपर्याप्त रोशनी और गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को सड़क का सही अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्कूली छात्र, किसान और रोजाना आने-जाने वाले ग्रामीण सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।



ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य गांवों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा देना था, लेकिन रखरखाव में लापरवाही के कारण योजना का उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। बड़े वाहन पहले ही इन रास्तों से दूरी बना चुके हैं और अब छोटे वाहन चालक भी वैकल्पिक मार्ग तलाशने लगे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए और नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके तथा संभावित बड़े हादसों को रोका जा सके।

## केंद्रीय जेल में गूंजे गीता के उपदेश, बंदी भक्ति में लीन

### आम दिनों से अलग ही नजर आया केंद्रीय जेल का माहौल

नव भारत न्यूज

इंदौर. शुक्रवार सुबह केंद्रीय जेल का माहौल आम दिनों से बिल्कुल अलग नजर आया. मुख्य द्वार से ही ढोल-नगाड़ों की आवाज और जयकारों के बीच राष्ट्रीय संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आगमन हुआ. उनके स्वागत में आदिवासी बंदियों का भगोरिया नृत्य दल आगे-आगे चल रहा था, जबकि महिला बंदियों ने सिर पर कलश रखकर जुलूस निकाला. पूरा परिसर कुछ देर के लिए किसी धार्मिक आयोजन स्थल जैसा दिखाई देने लगा.

संतश्री के साथ पहुंचे जेल महानिदेशक वरुण कपूर सपत्नीक कार्यक्रम में शामिल हुए. प्रवेश के बाद स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने जेल में बने उत्पादों की प्रदर्शनी देखी और बाल राधा-कृष्ण बने बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात कर उन्हें उपहार दिए.



### कर्म, संयम और आत्मशुद्धि का दिया संदेश

अपने संबोधन में स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गीता के श्लोकों के माध्यम से कर्म, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मनुष्य अपने कर्म से जीवन की दिशा बदल सकता है. प्रवचन के दौरान कई बंदी भावुक होते भी दिखाई दिए. करीब एक हजार बंदियों की मौजूदगी में पूरा परिसर अनुशासन और श्रद्धा से भरा रहा. कार्यक्रम के अंत में वरुण कपूर ने संतश्री का आभार जताया.

## थाना हरसूद पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई दो चोरी की वारदातें, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का महज 24 घंटे के भीतर हरसूद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा एसडीओपी हरसूद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी का मशरूका बरामद किया।

पुलिस के अनुसार 6 फरवरी को नया हरसूद निवासी दुर्गा अरवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल को अज्ञात बदमाश मेन रोड छनेरा से चोरी कर ले गया। वहीं उसी दिन संतोष प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 10 छनेरा ने लोहे की कटर मशीन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। दोनों मामलों में अपराध क्रमांक 30/26 एवं 31/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।



जांच के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें संदिग्ध युवक दिखाई दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भैरो चौक के पास से गौरव ओझा (21) निवासी छनेरा को पकड़कर पूछताछ की, जिसने दोनों चोरी की वारदातें स्वीकार कर लीं। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल एवं कटर मशीन बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## खंडवा : नक्षत्र गार्डन के पास पान की टपरी में घुसी कार, 3 बच्चे घायल

**नवभारत न्यूज ,खंडवा ।** शहर के पदम नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवकार नगर में आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नक्षत्र गार्डन के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पान की एक टपरी (दुकान) में जा घुसी। इस दुर्घटना में वहां मौजूद तीन बच्चे घायल हो गए हैं। धमाके के साथ दुकान में घुसी कार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी। चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे टपरी से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान का सामान बिखर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन टपरी के पास खड़े तीन बच्चे इसकी चपेट में आ गए।

**मौके पर मची अफरा-तफरी :** घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। रहवासियों ने तत्काल घायलों को संभाला। सूचना मिलते ही पदम नगर थाना पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों को उपचार के लिए भेज दिया गया है।

